भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1549**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण**

1549. डॉ. थोल तिरूमावलवन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान व्यय की गई राशि तथा निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान निर्मित टोल सड़कों तथा टोल-मुक्त सड़कों की राज्यवार लंबाई कितनी है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव पर किए गए व्यय तथा निर्मित लंबाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल परियोजना खंड के पूरा होने पर समापन प्रमाणपत्र (सीसी)/वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) जारी/घोषणा के बाद या परियोजना खंड की पर्याप्त लंबाई के पूरा होने पर अनंतिम समापन प्रमाणपत्र (पीसीसी)/अनंतिम वाणिज्यिक परिचालन तिथि (पीसीओडी) जारी/घोषणा के बाद शुरू किया जाता है, जबकि निर्मित लंबाई/सुधार चरण के दौरान निरंतर आधार पर रिपोर्ट की जाती है। विगत पांच वर्षों के दौरान पूरे हुए (सीसी/सीओडी) या अनंतिम रूप से पूरे हुए (पीसीसी/पीसीओडी) परियोजना खंडों पर सूचना जहां टोल शुरू किया गया है, और विगत पांच वर्षों के दौरान पूरे हुए (सीसी/सीओडी) या अनंतिम रूप से पूरे हुए (पीसीसी/पीसीओडी) परियोजना खंडों पर सूचना जहां टोल शुरू नहीं किया गया है, एकत्र की जा रही है।

**अनुबंध**

**"राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण"** के संबंध में डॉ. थोल तिरूमावलवन द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1549 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव पर किए गए व्यय और निर्मित लंबाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **किया गया व्यय (रुपए करोड़ में)** | **निर्मित लंबाई (किमी)** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 35,186 | 2686 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 12,729 | 1018 |
| 3 | असम | 23,033 | 1714 |
| 4 | बिहार | 40,378 | 2448 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 12,536 | 1259 |
| 6 | गोवा | 3,619 | 172 |
| 7 | गुजरात | 44,076 | 2182 |
| 8 | हरियाणा | 34,561 | 1574 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 16,144 | 700 |
| 10 | झारखंड | 15,518 | 1446 |
| 11 | कर्नाटक | 40,837 | 2478 |
| 12 | केरल | 38,645 | 1060 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 37,342 | 3920 |
| 14 | महाराष्ट्र | 101,887 | 9376 |
| 15 | मणिपुर | 9,635 | 1219 |
| 16 | मेघालय | 5,068 | 321 |
| 17 | मिजोरम | 9,951 | 863 |
| 18 | नागालैंड | 8,408 | 914 |
| 19 | ओडिशा | 23,792 | 2435 |
| 20 | पंजाब | 35,769 | 1365 |
| 21 | राजस्थान | 43,801 | 4148 |
| 22 | सिक्किम | 3,842 | 240 |
| 23 | तमिलनाडु | 33,085 | 2626 |
| 24 | तेलंगाना | 19,152 | 1488 |
| 25 | त्रिपुरा | 4,988 | 515 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 95,654 | 4017 |
| 27 | उत्तराखंड | 15,616 | 1723 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 15,561 | 1215 |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप | 1,101 | 254 |

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>राज्य/संघ राज्य क्षेत्र</th><th>किया गया व्यय (रुपए करोड़ में)</th><th>निर्मित लंबाई (किमी)</th></tr>
<tr><td></td><td>समूह</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>30</td><td>चंडीगढ़</td><td>9</td><td>0</td></tr>
<tr><td>31</td><td>दादरा एवं नगर हवेली</td><td rowspan="2">101</td><td rowspan="2">3</td></tr>
<tr><td>32</td><td>दमन और दीव</td></tr>
<tr><td>33</td><td>दिल्ली / मुख्यालय</td><td>12,123</td><td>159</td></tr>
<tr><td>34</td><td>जम्मू और कश्मीर</td><td>29,903</td><td>1003</td></tr>
<tr><td>35</td><td>लद्दाख</td><td>1,608</td><td>143</td></tr>
<tr><td>36</td><td>पुदुचेरी</td><td>119</td><td>21</td></tr>
</table>

*****